Name of Work	Total estimated cost	Rly's share	State Govt's share of cost	Probable date of completion	
5. Kalyan-Ambernath Road Bridge in lieu of level crossing No. 41	344.60	159.80	184.86	Dec. 97	
6. Mulund Raod Over Bridge lieu of level crossing No. 20	434.75	157.13	277.62	Dec. 97	
7. Dehere Raod Over Bridge in lieu of level crossing No. 39-A	92.66	51.21	41.45	Now proposed to be taken up under BOT scheme by State Govt.	
8. Bfllapur Road Over Bridge in lieu of level crossing No. 10-B	404.52	109.76	214.76	Dec. 98	

महिला आयोगों के लिए नाम-निर्देशन

1341. **श्री कनकसिंह मोहनसिंह पंगरोलाः** क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) महिला आयोगों और उनकी उप-समितियों में नमित किये जाने वाले सदस्यों का चयन करने हेतु क्या मानदंड अपनाये जाते हैं;

(ख) क्या इन मानदंडों का पूरी तरह पालन किया जा रहा है;

(ग) इस समय महिला आयोगों और उनकी उप-समितियों में विकलांग महिला प्रतिनिधियों की संख्या कितनी है; और

(घ) बीजिंग में हुए अन्तर्राष्ट्रीय महिला सम्मेलन में भाग लेने हेतु भारत से गये शिष्ट मंडल में ऐसे कितने प्रतिनिधि थे?

मानव संसाधन विकास मंत्री (श्री एस॰आर॰ बोम्मई): (क) राष्ट्रीय महिला आयोग तथा राज्य आयोगों के अध्यक्षों और सदस्यों तथा उप-समितियों के सदस्यों का नामांकन राष्ट्रीय महिला आयोग अधिनियम, 1990 तथा अलग-अलग राज्य अधिनियमों में निर्धारित मापदण्ड के अनुसार किया जाता है।

(ख) जी, हां

(ग) राष्ट्रीय महिला आयोग और इसकी उप-समितियों में कोई भी विकलांग महिला नहीं है। राज्य महिला आयोगों तथा उनकी उप समितियों के संबंध में सूचना एकत्र की जा रही है और सदन के पटल पर प्रस्तुत कर दी जायेगी।

(घ) 4-15 सितम्बर, 1995 तक बीजिंग में आयोजित चतुर्थ विश्व महिला सम्मेलन में गये भारतीय शिष्ट मण्डल का कोई भी सदस्य ज्ञात अपंगता से पीड़ित नहीं था।

नवोदय विद्यालयों में अनियमितताएं

1342. **श्री रामदेव भंडारी:** क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का ध्यान 1 जून, 1996 के नवभारत टाइम्स के दिल्ली संस्करण में "नवोदय विद्यालयः अनियमितताओं की घटना में बढ़ोतरी" शीर्षक से प्रकाशित हुए समाचार की ओर दिलाया गया है; यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या अनियमितताएं क्षेत्रीय और केन्द्रीय स्तर पर की जा रही हैं और क्या इस संबंध में जांच कराई जा रही है; और

(ग) यदि हां, तो अनियमितताओं और की जा रही जांच का ब्यौरा क्या है?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय के शिक्षा विभाग में राज्य मंत्री (श्री मुद्दी राम सैकिया): (क) "नवोदय विद्यालयः अनियमितताओं की घटना में बढ़ोत्तरी" शीर्षक से प्रकाशित एक लेख जो 1.6.96 के नहीं, बल्कि 21.6.96 के नवभारत टाइम्स में प्रकाशित हुआ था, नवोदय विद्यालय समिति के ध्यान में आया है।